## एक नजर में

### कलेक्टर नेहा मीना मिड कैरियर ट्रेनिंग में होंगी शामिल



सिवनी। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में 11 मई 2026 से 05 जून 2026 तक आयोजित मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल होने हेतु चयनित किया गया है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2020 बेंच के अधिकारी अनिल कुमार राठौर, कार्यकारी संचालक मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर को कलेक्टर सिवनी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राठौर होंगे प्रभारी कलेक्टर ।

### मदनलाल टेम्भरे को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई




सिवनी। स्थानीय डी. पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय, सिवनी के शिक्षा संकाय मे कार्यरत सहायक प्राध्यापक प्रो. एम. एल. टेम्भरे को सकारात्मक उपचार के माध्यम से तनाव, अवसाद एवं क्रोध का प्रबंधन तथा मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि पर 09 अप्रैल 2026 को मनोविज्ञान विपय में पी-एच.डी. आई.ई.एस. विश्वविद्यालय भोपाल से प्रदान की गई। यह शोधकार्य डॉ. योगेन्द्रनाथ चौबे के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया। डॉ. टेम्भरे की यह महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि उनके सतत परिश्रम, समर्पण एवं शोध के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस शोध प्रबंध से छात्रों मे आने वाले मानसिक अवसास से लडने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. के. के. चतुर्वेदी एवं प्राचार्य डॉ. अमिता चतुर्वेदी सहित समस्त स्टाफ ने डॉ. टेम्भरे को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर शैक्षणिक उन्नति की कामना की।

### पैसेंजर ट्रेन की नई समय सारणी

सिवनी। सिवनी जिला और केवलारी विधानसभा क्षेत्र के रेल यात्रियों को अब जबलपुर जाने के लिए बेहतर सीधा रेल कनेक्शन मिलने जा रहा है। मण्डला-नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर ट्रेन की समय सारणी में बदलाव किए जाने से अब पेंचव्हेली एक्सप्रेस से आने वाले यात्रियों को नैनपुर में सीधे जबलपुर के लिए कनेक्टिंग ट्रेन सुविधा उपलब्ध होगी। केवलारी जागरूक नागरिक मंच ने 4 अप्रैल 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर दो ट्रेनों के समय में परिवर्तन की मांग की थी। इस दौरान मंच के प्रतिनिधि सुधीर पाण्डे, वरिष्ठ पत्रकार प्रीतम पाल, धरमचंद जैन, पवन बघेल, जमुना अहरवार एवं रवि अहरवार उपस्थित रहे। मांग के अनुसार पेंचव्हेली एक्सप्रेस के नैनपुर पहुंचने के बाद ही मण्डला-नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर ट्रेन को रवाना करने का निर्णय लिया गया है। इससे छिंदवा?ा, सिवनी, केवलारी क्षेत्र के यात्रियों को जबलपुर जाने के लिए नई और सुविधाजनक रेल सुविधा उपलब्ध होगी। आम नागरिकों, विद्यार्थियों, व्यापारियों तथा मरीजों को इस रेल कनेक्शन से विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर केवलारी जागरूक नागरिक मंच एवं क्षेत्रवासियों ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, जीएम तरूण प्रकाश, डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता तथा सीनियर डीसीएम दिलीप नाग के प्रति आभार व्यक्त किया।


# केदारपुर धान खरीदी केंद्र में 'धान विस्फोट'

## 500 क्विंटल धान का हिसाब गायब, किसानों का भुगतान अटका, रसीद हाथ में, पैसा किसके पास?, सहकारिता व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल

**घंसौर नवभारत।** क्षेत्र की बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित केदारपुर (घंसौर) इन दिनों कथित धान घोटाले को लेकर पूरे इलाके में सुर्खियों के केंद्र में है। धान खरीदी केंद्र में लगभग 500 कुंटल धान के कथित गोलमाल ने किसानों के बीच भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। किसानों का आरोप है कि उनसे बाकायदा धान की तौल कर पावती रसीदें दे दी गईं, लेकिन जनवरी 2026 से आज तक भुगतान नहीं हुआ। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब धान खरीदी गई, रसीदें जारी हुईं, तो किसानों की खून, पसीने ,मेहनत की रकम आखिर गायब कहां हो गई?

पीड़ित किसानों का कहना है कि उन्होंने शासन की समर्थन मूल्य खरीदी व्यवस्था पर पूरा भरोसा कर अपनी उपज केंद्र में बेची थी। उम्मीद थी कि निर्धारित समय सीमा में भुगतान खातों में पहुंच जाएगा, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी बैंक खाते खाली पड़े हैं। किसान लगातार खरीदी केंद्र,

**किसानों का फूटा गुस्सा जांच नहीं हुई तो सड़कों पर होगा संग्राम**




सहकारिता विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, मगर हर बार उन्हें केवल आश्वासन और जांच का भरोसा देकर लौटा दिया जाता है। कई किसानों ने तो थाने तक शिकायत पहुंचाई, लेकिन कार्यवाही के नाम पर अब तक केवल कागजी खानापूर्ति ही दिखाई दे रही है।

ग्रामीणों के बीच अब यह चर्चा तेज हो गई है कि मामला केवल




लापरवाही का नहीं, बल्कि एक सुनियोजित आर्थिक खेल का हिस्सा हो सकता है। गांव में खुलेआम आरोप लगाए जा रहे हैं कि किसानों से खरीदी गई धान को कथित रूप से दूसरे व्यापारियों और केंद्रों तक पहुंचाकर भुगतान राशि का बंदरबांट कर लिया गया। यही वजह है कि धान खरीदी हुई, रसीद मिली, लेकिन भुगतान गायब अब पूरे क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवाल बन चुका है। मामले में खरीदी केंद्र प्रभारी अशोक प्रजापति, कंप्यूटर ऑपरेटर विजय यादव, सह ऑपरेटर बालकिशन यादव, प्रबंधक शशि सिंह राजपूत तथा संबंधित सहकारिता अधिकारियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में बताई जा रही है। किसानों का कहना है कि बिना मिलीभगत के इतना बड़ा मामला संभव नहीं हो सकता। ग्रामीणों ने आर्थिक अपराध शाखा और विशेष जांच दल से निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने और किसानों का लंबित भुगतान तत्काल कराने की मांग उठाई है।

क्षेत्र में बढ़ते जनाक्रोश के बीच ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो बड़ा जनआंदोलन खड़ा किया जाएगा। फिलहाल केदारपुर धान खरीदी केंद्र पूरे क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार और अव्यवस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बनकर चर्चा में है।

### इनका कहना है

केदारपुर धान खरीदी घोटाले की जांच करा कर दोषियों पर एफआईआर कर सक्त से सक्त कार्यवाही की जावेगी ।

**दिलीप डेहरिया सीईओ सहकारिता विभाग सिवनी**

500 क्विंटल किसानो की धान का भुगतान नहीं किया गया है इस महा घोटाले को लेकर मेरा कोई लेना देना नहीं है इसमें धान खरीदी प्रभारी अशोक प्रजापति ऑपरेटर विजय यादव साह ऑपरेटर बालकिशन यादव जिम्मेदार हैं ।

**शशि सिंह राजपूत प्रबंधक केदारपुर (घंसौर) सिवनी**

मैंने 439 बोरी धान खरीदी केंद्र केदारपुर कोड नंबर 5 9337 199 में दिनांक 11 जनवरी 2026 को बेची गई थी जिसका भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है हमारे द्वारा उच्च अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया गया है मगर आज दिनांक तक भुगतान नहीं किया जा रहा है

**विष्णु मोहन मिश्रा पीड़ित किसान**

आपके द्वारा केदारपुर धान घोटाला मेरे संज्ञान में लाया गया है मैं इसकी जांच के लिए सहकारिता विभाग भोपाल के उच्च अधिकारियों से बात करूंगा एवं उनकी एक टीम गठित करवा कर केदारपुर धान घोटाले की जांच की जाएगी एवं विधानसभा में भी प्रश्न लगाऊंगा और कांग्रेस पार्टी को अगर इसके लिए सड़कों पर उतरना पड़ा एवं आंदोलन भी करना पड़ा तो हम इसके लिए तैयार हैं।

**योगेंद्र सिंह बाबा कांग्रेस विधायक लखनादौन**

केदारपुर धान खरीदी घोटाले की जांच के लिए मैंने सीईओ दिलीप डेहरिया को नियुक्त किया है वह जैसे ही जांच प्रतिवेदन मुझे देते हैं दोषियों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

**जी .एस डेहरिया उप रजिस्टार सहकारिता विभाग सिवनी**

### स्वास्थ्य केंद्र छपारा में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति

**छपारा नवभारत।** क्षेत्र की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के लिहाज से एक राहत भरी खबर है। मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में रिक्त पदों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इसी क्रम में छपारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अब एक स्थायी स्त्री रोग विशेषज्ञ मिल गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, डॉ. आयुषी जायसवाल को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ (प्रथम श्रेणी) के पद पर पदस्थ किया गया है। उनकी नियुक्ति मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयन के उपरांत की गई है। वे दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर कार्यभार ग्रहण करेंगी। छपारा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लिए लंबे समय से एक महिला विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी महसूस की जा रही थी। गर्भवती महिलाओं और अन्य स्त्री रोगों के उपचार के लिए स्थानीय निवासियों को अक्सर जिला मुख्यालय सिवनी या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता था।

## विभागीय क्रिकेट : सिंघम पुलिस बनी विजेता , ड्रीम 11 उपविजेता

**सिवनी नवभारत।** पॉली मैदान में रात्रिकालीन विभागीय टेनिस बालक्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। जिसमे ड्रीम 11 को पराजित कर सिंघम पुलिस विजेता बनी इसके पहले दो सेमी फाइनल खेले गए। यह आयोजन 30 अप्रैल से प्रारंभ हुआ. जिसमें विभिन्न विभागों की 15 टीमों ने अपनी सहभागिता दी , आज 10 मई को टूर्नामेंट अपने अंतिम पड़ाव पर है । टूर्नामेंट के अंतर्गत आज 10 मई को तीन मैच खेले गये। पहला सेमीफाइनल मैच स्वास्थ्य टीम का मुकाबला ड्रीम 11 पुलिस से रहा - स्वास्थ्य टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट पर 95 रन बनाए, टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए, बंटी सराठे ने 17 बाल में 2 चौके, 2 छक्के लगाते हुए 30 रन बनाए, देवेन्द्र ने 9 बाल पर 1 चौके, 1 छक्का लगाते हुए 12 रन बनाए, पीटर ने 10 बाल पर 3 छक्के लगाते हुए 20 रन बनाए, शेष बल्लेबाज़ों ने अपनी टीम को कोई योगदान नहीं दे पाये। ड्रीम 11 पुलिस की ओर से गेंदबाजी करते हुए, ईश्वर ने 2 ओवर में 14 पर 3, राजलाल ने 2 ओवर में 24 पर 1, लखन ने 1 ओवर में 14 रन देकर 1 विकेट लिए। जवाबी पारी खेलते हुए ड्रीम 11 पुलिस ने 6.4 ओवर में 2 विकेट पर 97 रन बना लिए, टीम की ओर से , ईश्वर ने 26 बाल पर 4 चौके, 8 छक्के लगाते हुए नाट आउट 74 रन बनाए, राजलाल ने 9 बाल पर 3 चौके लगाते हुए 13 रन बनाए, स्वास्थ्य टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए, देवेन्द्र ने 2 ओवर में 19 पर 1, संदीप ने 0.4 बाल में 8 रन देकर 1 विकेट लिए,इस तरह से ड्रीम 11 पुलिस ने इस मैच को 8 विकेट से जीतकर फायनल में पहुंची।

मेगा फायनल मैच - रात्रिकालीन विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का मेगा फायनल मैच देर रात में शुरू हुआ, सिंघम पुलिस टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट पर 140 रन , टीम की ओर से गौरव ने 20 बाल पर 3 चौके, 5 छक्के लगाते हुए 49 रन बनाए, आलोक ने 13 बाल पर 1 चौके, 7 छक्के लगाए, आलोक ने 13 बाल 1 चौके, 7 छक्के लगाते हुए नाट आउट 48 रन बनाए, अमन ने 8 बाल में 2 चौके, 3 छक्के लगाते हुए नाट आउट 28 रन बनाए, ड्रीम 11 पुलिस की ओर से गेंदबाजी करते हुए, केवल पुरुषोत्तम सफ़ल गेंदबाज रहे जिन्होंने 2 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए, बाकी सभी गेंदबाजों ने निराश किया । ड्रीम 11 पुलिस को मुश्किल लक्ष्य 140 का मिला, पर क्रिकेट में कोई संभव-असंभव नहीं होता। ड्रीम 11 पुलिस टीम ने निर्धारित 8 विकेट ओवर में 4 विकेट पर 100 ही बना पाये , टीम की ओर से ईश्वर ने 16 बाल पर 6 चौके, 1 छक्का लगाते हुए 39 रन बनाए, ललित ने 8 बाल पर 3 चौके, 1 छक्का लगाते हुए 18 रन बनाए, दिलीप ने 10 बाल में 1 चौके, 1 छक्का लगाते हुए 15 रन बनाए, देवेन्द्र 5 बाल पर 1 छक्का लगाते हुए 10 रन बनाए, सिंघम पुलिस टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए, परिहार सर ने 1 ओवर में 13 पर 1, आलोक ने 2 ओवर में 15 पर 2, गौरव ने 2 ओवर में 21 रन देकर 1 विकेट लिए।



## फिजिकल व वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से निवेशकों को किया जा रहा जागरूक

**लोढ़ा कमेटी ने जारी किया पोर्टल, एआईएसओ संगठन देश भर में सक्रिय**

**सिवनी नवभारत।** विगत ग्यारह वर्षों से निरंतर पीएसीएल (पर्ल्स) निवेशकों के भुगतान के लिए संघर्षरत संगठन एआईएसओ के अथक प्रयासों के बाद सेबी तथा लोढ़ा कमेटी के द्वारा निवेशकों के भुगतान में गंभीरता दिखाते हुए लगभग 10 लाख तक जमा निवेशकों के भुगतान की प्रक्रिया की जा रही है जिससे की पीड़ित निवेशकों ने चेन की सांस ली। वही जिन निवेशकों का बैंक खाते की त्रुटि के कारण पेमेंट नही मिल रहा ऐसे निवेशकों की सुविधा के लिए लोढ़ा कमेटी ने बैंक डिटेल्स अपडेट किए जाने 7 मई 26 से 6 अगस्त 26 तक सेबी पीएसीएल रिफंड पोर्टल को खोला गया है। जिसकी जानकारी प्रत्येक निवेशक तक पहुंचाए जाने का कार्य एआईएसओ संगठन बहुत ही जागरूकता तथा सक्रियता के साथ कर रहा है। यही नहीं निवेशक ऑनलाइन मोबाईल के माध्यम से घर बैठे कैसे स्टेटस चेक करे कैसे बैंक डिटेल्स अपडेट करें संबंधित जानकारी जूम तथा फिजिकली मीटिंग के माध्यम से देश भर में दिया जा रहा है।



AISO

संगठन की ब्लॉक कमेटी द्वारा प्रत्येक माह की 10 तारीख को होने वाली निर्धारित फिजिकल मीटिंग श्री सिद्धबाबा मंदिर कॉलेज रोड़ लखनादौन में रविवार को संपन्न हुई। विदित हो सीबीआई जांच रिपोर्ट के अनुसार देशभर में पीएसीएल के 5.85 करोड़ निवेशकों का 49,100 करोड़ रूपए फसा हुआ है। जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश 2 फरवरी 2016 के 10 वर्ष से अधिक का समय हो जाने के बावजूद अब तक कुल 35,74,401 निवेशकों का 3720.67 करोड़ रूपए लौटाया गया जो कि देनदारी से बहुत कम हैं।

### एआईएसओ संगठन निवेशक हित में पहुंचा

सुप्रीम कोर्ट संगठन द्वारा पीएसीएल निवेशकों के भुगतान हेतु विगत ग्यारह वर्षों से निरंतर विभिन्न स्तरों से प्रयास किए गए उसी क्रम में माननीय सुप्रीम कोर्ट में 24.09.2015 को कैविट 7999 ङ्क 2015 दाखिल के साथ, 02.01.2016 में IA 5/2016 तथा 06.05.2022 में IA 70244/2022 के साथ ही अन्य IA लगाई गई है। उक्ताशय की जानकारी संगठन के राष्ट्रीय महासचिव श्याम कुमार सोनी द्वारा दी गई।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन जारी

**सिवनी नवभारत।** असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पात्र श्रमिकों के पंजीयन किए जा रहे हैं। योजना के तहत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर मासिक पेंशन का लाभ प्रदान किया जाएगा।

योजना का लाभ असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिक जैसे ऑटो एवं रिक्शा चालक, सफाईकर्मी, रेहड़ी-पटरी विक्रेता, मोची, धोबी, नाई, घरेलू श्रमिक, कृषि कार्य में नियोजित श्रमिक, निर्माण श्रमिक तथा स्वरोजगार से जुड़े मजदूर प्राप्त कर सकते हैं।

योजना हेतु पात्रता के अनुसार श्रमिक की आयु 18 वर्ष से कम तथा 40 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदक ईपीएफ, ईएसआईसी अथवा एनपीएस का लाभार्थी नहीं होना चाहिए तथा आयकर दाता भी नहीं होना चाहिए। साथ ही मासिक आय 15 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

योजना अंतर्गत श्रमिकों को आयु के अनुसार प्रतिमाह 55 रुपये से 200 रुपये तक अंशदान जमा करना होगा। श्रमिक द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान भारत सरकार द्वारा भी उनके खाते में जमा किया जाएगा। पंजीयन हेतु श्रमिक का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर एवं बैंक खाते की पासबुक आवश्यक होगी। इच्छुक श्रमिक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) अथवा एमपी ऑनलाइन केंद्र के माध्यम से योजना में पंजीयन करा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए श्रम पदाधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट परिसर, कचहरी चौक, पुरातत्व विभाग कक्ष, सिवनी में संपर्क किया जा सकता है।

**समीक्षा** — अपर कलेक्टर सुनीता खंडायत की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित

# एसडीएम करेंगे गेहूं खरीदी केंद्रों का निरीक्षण, किसानों को नहीं हो परेशानी

**सिवनी नवभारत।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा संचालित योजनाओं, लंबित प्रकरणों तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर सुश्री खंडायत ने 50 दिवस एवं 100 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्प लाइन में दर्ज शिकायतों का गुणवत्तायुक्त निराकरण सुनिश्चित किया जाए साथ ही जिन शिकायतों में नियमानुसार कार्रवाई संभव नहीं है, उनके संबंध में विधिवत परीक्षण कर फोर्स क्लोज के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को समय पर भेजने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सीपी ग्राम में दर्ज शिकायतों को भी समय सीमा पर कार्यवाही कर संतुष्टी से बंद कराने के निर्देश दिये।

अपर कलेक्टर सुश्री खंडायत ने कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उपचार संबंधी कार्यवाही के



संबंध में महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए कि जिले के सभी एनआरसी केंद्र की क्षमतानुरूप कुपोषित बच्चों को दर्ज करते हुए आवश्यक उपचार कराया जाए साथ ही बच्चों के परिजनों की भी मार्गदर्शन दिया जाए। इसी तरह सिकल सेल के चिन्हांकित मरीजों की यूडीआईडी बनाने तथा नियमानुसार पेंशन प्रगति की भी समीक्षा करते हुए शतप्रतिशत पात्र मरीजों को इसका लाभ देने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए नियमित रूप खंड स्तर पर संयुक्त बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

अपर कलेक्टर सुश्री खंडायत ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के अंतर्गत जर्जर एवं अनुपयोगी भवनों की अद्यतन जानकारी संधारित कर शीघ्र प्रस्तुत करने तथा ऐसे भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि संभावित दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अनुकंपा नियुक्तियों के प्रकरणों को भी त्वरित रूप से निराकृत कर संबंधितों की नियुक्ति संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदारों को राजस्व प्रकरणों के तय समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से सीमांकन के प्रकरणों को प्राथमिकता में लेकर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

बैठक में गेहूं उपार्जन कार्य की भी विस्तृत समीक्षा की गई। अपर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो तथा किसानों को सुगम एवं सुविधाजनक तरीके से अपनी उपज विक्रय करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया कि वे उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करें तथा व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता न हो। बैठक में जल गंगा अभियान की प्रगति की भी समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल संरक्षण एवं संवर्धन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के साथ ही साथ प्रचार-प्रसार संबंधी गतिविधियों के आयो?जन के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सी एल चनाप सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### जनगणना कार्य को समय सीमा में पूर्ण करायें

बैठक में अपर कलेक्टर ने जनगणना 2027 के अंतर्गत जारी मकान सूचीकरण अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी चार्ज अधिकारियों को जनगणना कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने के लिए प्रगणक एवं सुपरवाईजर के कार्यों को सतत रूप से मॉनिटर करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि अभियान के दौरान कोई भी मकान एवं परिवार की जानकारी न छूटे यह सुनिश्चित किया जाए। अपर कलेक्टर ने स्कूलों में दर्ज बच्चों की जानकारी लेते हुए घर-घर जाकर बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने छात्रावासों के निरीक्षण प्रगति की भी समीक्षा करते हुए निर्धारित बिंदुओं अनुरूप भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

## घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग : प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन



**सिवनी नवभारत।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा के मार्गदर्शन में घर-घर योग, हर व्यक्ति निरोग अभियान अंतर्गत जिले में प्रतिदिन प्रात: 8:00 बजे ऑनलाइन योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशवंत माथुर ने बताया कि कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं आयुर्वेद चिकित्सालयों में जूम मीटिंग तथा यूट्यूब लिंक के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बताया कि अभियान अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मारबोड़ी, जाम, कातलबोड़ी, हिनोतिया, बखारी, चक्की खमरिया, विजयपानी, गोसाई खमरिया, सिहोरा, भिलाई, आष्टा, सरेखा कला, भोमा तथा आयुर्वेद चिकित्सालय लखनादौन में योग प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। योग प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को योग एवं प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। सभी केंद्रों पर स्वच्छता, इंटरनेट व्यवस्था एवं प्रतिभागियों की उपस्थिति सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम की नियमित मॉनिटरिंग संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही है।



जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर नियमित योग अभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।